आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 06.09.2025

मुख्य समाचारः—

1— माओवाद उन्मूलन के लिए प्रभावित राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की आज जगदलपुर में हुई उच्च स्तरीय बैठक।

2— मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में ''एयरोकॉन दो हजार पच्चीस'' संगोष्ठी और एम्स रायपुर में मध्य भारत के पहले रोबोटिक्स सर्जिकल सिस्टम ''देव हस्त'' का किया शुभारंभ।

3— कोरबा जिले के ग्राम रिसदी स्थित तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत।

4— देशव्यापी साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिन कल प्रदेश में महिला साक्षरता पर केंद्रित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

माओवाद—अंतर्राज्यीय बैठक

माओवाद उन्मूलन के लिए प्रभावित राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की आज जगदलपुर में एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक हुई। इसमें महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा के अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ, आईबी और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में शांति प्रयासों को मजबूत करने और प्रभावित राज्यों से नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के बीच तालमेल बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस बैठक में सीआरपीएफ के महानिदेशक जी.पी. सिंह, छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरूण देव गौतम, एडीजी विवेकानंद सिन्हा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

इस बीच, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने कोंडागांव स्थित एक सौ अट्ठाईसवीं बटालियन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात कर उनके साहस और समर्पण की सराहना की।

केंद्रीय वित्त मंत्री—जीएसटी

वस्तु और सेवा कर—जीएसटी की नई व्यवस्था पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पूंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों को सहयोग देने के प्रयासों पर कार्य कर रही है, जिन पर पचास प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है।

इधर, छत्तीसगढ़ की जनता ने भी जीएसटी में किए गए सुधारों का स्वागत किया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट अरविंद सुराना ने कहा है कि जीएसटी की दरों में सुधार से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी।

एयरोकॉन—शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी ''एयरोकॉन दो हजार पच्चीस'' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संगोष्ठी कैंसर के उपचार और शोध में उपयोगी साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी में कैंसर की दवाइयों और उपकरणों को सस्ता किए जाने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है। श्री साय ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज रायपुर के छात्रों के लिए पैंसठ करोड़ रूपये की लागत से नये छात्रावास निर्माण की घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में मध्य भारत के पहले रोबोटिक्स सर्जिकल सिस्टम ''देव हस्त'' का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि रोबोटिक्स सर्जरी छत्तीसगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं के विकास में एक नया आयाम है।

<u>मुख्य न्यायाधीश–आवास गृह लोकार्पण</u>
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने बिलासपुर के बोदरी स्थित उच्च न्यायालय आवासीय परिसर सेक्टर–दो में कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित अस्सी एच–टाइप आवास गृहों का लोकार्पण किया। उन्होंने कर्मचारियों को आवंटित आवासों की चाबियां भी सौंपी।

<u>मनेन्द्रगढ़–रेल परियोजना</u>
रेल मंत्रालय ने चिरमिरी–नागपुर हॉल्ट रेल परियोजना के लिए दावा–आपत्ति के बाद भू–अर्जन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके तहत छत्तीस हेक्टेयर से अधिक रकबे की एक सौ अंठानवे भूमि खंडों को परियोजना के लिए अधिग्रहित किया जाएगा। भू–प्रभावितों को जल्द ही मुआवजा वितरण का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

<u>कांग्रेस–मंत्री चुनौती</u>
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य मंत्रिमंडल में चौदहवें मंत्री को शपथ दिलाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस की रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने यह रिट पिटीशन दायर की है। कांग्रेस ने संविधान की विभिन्न धाराओं का हवाला देते हुए मंत्रिमंडल में चौदहवें सदस्य को शपथ दिलाने पर आपत्ति जताई है।

<u>मुख्यमंत्री–चक्रधर समारोह</u>
रायगढ़ में आयोजित दस दिवसीय चक्रधर समारोह का कल शाम समापन हो गया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डाक विभाग द्वारा महाराजा चक्रधर सिंह पर जारी विशेष आवरण का विमोचन किया। साथ ही सुग्घर छत्तीसगढ़ की परिकल्पना पर आधारित रायगढ़ नगर पालिका निगम के शुभंकर ''अप्पू राजा'' को भी लॉन्च किया।

समापन समारोह में प्रख्यात गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने अपनी प्रस्तुति दी।

<u>शिक्षा मंत्री–समीक्षा</u>
स्कूल शिक्षा और ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव ने रायपुर में ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोना–पत्तल, कांसा, गोबर से जैविक खाद, पपीता से गुलकंद और फर्नीचर जैसे छोटे उद्योगों की स्थापना कर हितग्राहियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिससे रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में शिल्प ग्राम तथा शिल्प नगरी के निर्माण की योजना बनाई जाएगी, ताकि कारीगरों को बेहतर विक्रय सुविधा मिले और राज्य की शिल्प कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके।

<u>बच्चे–मौत</u>
कोरबा जिले के ग्राम रिसदी स्थित तालाब में बीती शाम नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा पुलिस लाईन में रहने वाले पुलिसकर्मियों के तीन बच्चे अपने परिजनों को बिना बताए तालाब में नहाने चले गए थे। नहाने के दौरान गहराई में चले जाने से इन बच्चों की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने शव को पानी के ऊपर देखा,

तब इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकलवाया।

पूर्व प्रांत प्रचारक–निधन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांता राम का कल शाम निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायकों और बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने आज रायपुर स्थित जागृति मंडल पहुंचकर स्वर्गीय शांता राम को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया।

माओवादी–शिनाख्त

नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर सीमा पर कल हुई मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी की पहचान प्लाटून नंबर–सोलह की कमांडर सोढ़ी विमला के रूप में हुई है। उस पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। घटनास्थल से सुरक्षा बलों की टीम ने भारी मात्रा में माओवादी सामग्रियां बरामद की हैं।

साक्षरता सप्ताह

देशव्यापी साक्षरता सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन कल पूरे प्रदेश में महिला साक्षरता पर केंद्रित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हर जिले में महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, व्यावसायिक कौशल सामग्रियों का प्रदर्शन और जागरूकता आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में महिला स्व–सहायता समूह, नवसाक्षर महिलाएं, छात्राएं और विभिन्न सामाजिक संगठन शामिल होंगे।

वहीं, जांजगीर–चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज कलेक्टोरेट परिसर से राष्ट्रव्यापी उल्लास साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अनंत चतुर्दशी

आज अनंत चतुर्दशी है। इसी के साथ आज से ही छोटी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज हवन के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर में बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन झांकियों के साथ आठ सितंबर को होगा।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को अनंत चतुर्दशी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में "कांकेर" जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह और छत्तीसगढ़ रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर श्री कश्यप ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया।

– जांजगीर–चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने जिले के ग्राम खोखरा के पास आठ महीने पहले हुई अटहत्तर लाख रूपये की लूट के मामले में सुराग देने वालों को पांच लाख रूपये इनाम देने की घोषणा की है।

– बालोद पुलिस ने चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर काली प्रसाद मिश्रा को ओडिशा के भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया है। उस पर निवेशकों को अधिक ब्याज का लालच देकर करोड़ों रूपये की ठगी करने का आरोप है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>